# प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त का कार्यालय, गुजरात,
# दूसरी मंज़िल, आयकर भवन, आश्रम रोड, अहमदाबाद-38 0009.

## सार्वजनिक सूचना

आयकर विभाग, गुजरात द्वारा हाई कोर्ट, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी), राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) तथा अन्य न्यायिक मंचों के समक्ष प्रतिनिधित्व करने के लिए सीनियर स्टेण्डिंग काउन्सेलसके एम्पेनलमेन्ट हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके लिये ऐसे एडवोकेट जो हाई कोर्ट में एनरोल्ड हैं एवं हाई कोर्ट की बार काउन्सेल के सदस्य हैं, विशेषतः जिन्हें आयकर/प्रत्यक्ष कर संबंधी मामलों का कार्य अनुभव है, वे आवेदन कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में पात्रता, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग), केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, नई दिल्ली के ता. 07.09.2016 के अनुदेश सं. 7/2016 द्वारा ज़ारी निबंधों व शर्तों के अनुसार रहेगी।
अनुदेश सं.7/2016 की प्रति www.incometaxindia.gov.in तथा www.incometaxgujarat.gov.in वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है अथवा आयकर आयुक्त (न्यायिक) के कार्यालय, कमरा नंबर 329, तीसरी मंजिल, आयकर भवन, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380009 से प्राप्त की जा सकती है।
आवेदन फॉर्म - एनेक्ज़र-। के प्रोफार्मा ए-1 तथा प्रोफार्मा ए-2 (जो भी लागू हो) आवश्यक दस्तावेज़ी प्रमाण के साथ बंद कवर में कार्यालय आयकर आयुक्त (न्यायिक), मंजिल, आयकर भवन, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380009 के डिस्पैच अनुभाग, कमरा नंबर 334, पते पर अथवा ahmedabad.cit.judicial@incometax.gov.in पर दिनांकः 30.7.2026, शाम 5.00 बजे तक भेजे जा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी व स्पष्टता के लिए आयकर अधिकारी (मुख्या) (न्यायिक), अहमदाबाद को उनके टेलीफोन नंबर (079) 29695048 पर संपर्क किया जा सकता है।

(सुनील कुमार)
संयुक्त आयकर आयुक्त (न्यायिक), अहमदाबाद।
कृते प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, गुजरात, अहमदाबाद।

दिनांकः 25.06.2026